# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

Q. राजस्थान के निशित कालानी ने यूरोप के लिथुआनिया (विलिनियस) में 37वें अंतरराष्ट्रीय बायोलॉजी ओलंपियाड (IBO-2026) में कौनसा मेडल जीता है?

(A) सिल्वर मेडल

(B) ब्रोंज मेडल

(C) गोल्ड मेडल

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## Yesterday Revision

प्रश्न 1: टैफे (TAFE) की अनुषंगी कंपनी TMTL ने राजस्थान में डॉयट्स इंजन (Deutz Engine) की नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन कहाँ किया है?

उत्तर: अलवर में। (यह इकाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की मांग पूरी करेगी।)

प्रश्न 2: 141 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान किस राज्य ने हासिल किया है?

उत्तर: राजस्थान ने। (खनन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 55 प्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना भी तैयार की है।)

प्रश्न 3: राजस्थान के किस शहर में 'मिस टीन दीवा 2026' (Miss Teen Diva 2026) के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया है?

उत्तर: जयपुर।

प्रश्न 4: 'पश्चिमी राजस्थान में खजूर पौधारोपण क्षेत्रफल विस्तार' योजना के तहत खजूर का बगीचा लगाने पर किसानों को कितना अनुदान दिया जा रहा है?

उत्तर: 75 प्रतिशत तक। (यह योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत चलाई जा रही है।)

प्रश्न 5: राजस्थान के किस मंदिर को लंदन की संस्था मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'ग्लोबल स्पिरिचुअल हेरिटेज एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?

उत्तर: श्री खाटू श्याम मंदिर (सीकर) को

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में उच्च जोखिम (High-Risk) वाली गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए 'प्रसव सखी' व्यवस्था शुरू की गई है

(B) प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी, एएनएम या अन्य चयनित महिला स्वास्थ्यकर्मी 'प्रसव सखी' के रूप में पिंक एप्रिन पहनकर तैनात रहेंगी

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में उच्च जोखिम (High-Risk) वाली गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए 'प्रसव सखी' व्यवस्था शुरू की गई है। इनका कार्य महिलाओं को पंजीकरण, जांच, प्रसव और छुट्टी तक मार्गदर्शन देना है

- प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी, एएनएम या अन्य चयनित महिला स्वास्थ्यकर्मी 'प्रसव सखी' के रूप में पिंक एप्रिन पहनकर तैनात रहेंगी
- मातृ एवं शिशु अस्पतालों में 24x7 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य हेल्प डेस्क बनाए जाएंगे, जहां ये सखियाँ गर्भवती महिलाओं का मार्गदर्शन करेंगी
- बेहतर आपातकालीन सेवाओं के लिए प्रसव सखी को जननी एक्सप्रेस (104/108) और हेल्प डेस्क के साथ एकीकृत किया जा रहा है

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) पहला NTPC नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट 24 से 29 जुलाई तक जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित होगा

(B) इसमें देशभर के शीर्ष तीरंदाज सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की रिकर्व एवं कंपाउंड स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजधानी जयपुर एक बार फिर राष्ट्रीय तीरंदाजी का केंद्र बनने जा रही है। पहला एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट 24 से 29 जुलाई तक जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित होगा।
- इसमें देशभर के शीर्ष तीरंदाज सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की रिकर्व एवं कंपाउंड स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।
- यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय रैंकिंग के साथ-साथ फाइनल एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए भी बेहद अहम मानी जा रही है।

**03.राजस्थान में किस योजना के तहत प्रदेश के पात्र परिवारों को अब राज्य से बाहर भी बेहतर एवं कैशलेस निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है?**

**(A) मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना**

(B) मुख्यमंत्री चिकित्सा सुरक्षा योजना

(C) मुख्यमंत्री राज सुरक्षा योजना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा योजना) योजना के तहत प्रदेश के पात्र परिवारों को अब राज्य से बाहर भी बेहतर एवं कैशलेस निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है।
- राज्य सरकार द्वारा लागू की गई आउटबाउंड इंटर-स्टेट पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के माध्यम से पात्र लाभार्थी देश के विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबद्ध अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का कैशलेस निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं।
- प्रदेश के 30 हज़ार से अधिक लोगों ने 6 माह में अन्य राज्यों के अस्पतालों में 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करवाया है
- इन क्लेम्स के माध्यम से मरीजों ने हार्ट स्टेंट, हार्ट बायपास सर्जरी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, डायलिसिस, जनरल सर्जरी, सिजेरियन प्रसव सहित विभिन्न जटिल उपचारों का लाभ प्राप्त किया है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल-खेल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, खेल और कौशल विकास से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना का शुभारंभ किया।

(B) जिला स्तर पर सुयोग युवा क्लब स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सुयोग प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत प्रत्येक युवा सदस्य होगा।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेल-खेल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, खेल और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण हुए पहल करते मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री युवा सुयोग योजना का शुभारंभ किया।

- इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं की शक्ति को सामर्थ्य में बदलने के लिए युवा सुयोग प्लेटफॉर्म एक सही दिशा, सही अवसर और सही मंच उपलब्ध कराएगा।
- क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल जैसे सामूहिक खेलों के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक पंचायत और वार्ड में युवा नेतृत्व विकसित होगा और वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ेंगे।
- जिला स्तर पर सुयोग युवा क्लब स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सुयोग प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत प्रत्येक युवा सदस्य होगा।
- ये जिला क्लब ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर के युवा क्लबों से जुड़ेंगे। प्रारंभिक रूप से बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जा रही है।

05. लोकमंथन-2026’ के 5वें संस्करण का आयोजन 01 जुलाई को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में किस थीम पर किया गया था?

(A) हम भारत के लोग

(B) भारत मेरा देश है

(C) हमारा विकसित भारत

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

लोकमंथन-2026’ के 5वें संस्करण का आयोजन: 01 जुलाई – कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में किया गया था

- मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत।
- थीम (2026) ‘हम भारत के लोग’ (Ham bharat ke log)
- पृष्ठभूमि: लोकमंथन की शुरुआत वर्ष 2016 में भोपाल से हुई थी।
- प्रथम संस्करण का विषय ‘उपनिवेशवाद से मुक्ति’ था।
- पुस्तक विमोचन: प्रज्ञा प्रवाह समिति के संयोजक जे. नंद कुमार द्वारा लिखित पुस्तक ‘फोक से परे लोक’ का एवं लोकमंथन की आधिकारिक वेबसाइट का भी लोकार्पण हुआ।
- आयोजक संस्था: प्रज्ञा प्रवाह समिति।
- प्रमुख उपस्थित: पद्मश्री-2026 से सम्मानित प्रसिद्ध अलगोजा वादक तगाराम भील, ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग

जयपुर, मंगलवार, 21 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-152

1. **राजस्थान** के किसानों को निर्बाध रूप से डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 'जेफार्म सर्विसेज' के डिजिटल प्लेटफॉर्म को राज्य सरकार के किस पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा?
(A) राज किसान साथी पोर्टल
(B) जन सूचना पोर्टल
(C) ई-मित्र प्लस
(D) राजस्थान किसान सुविधा

2. **समेकित** बाल विकास सेवा राजस्थान द्वारा संचालित 'ईसीसीई कार्यक्रम' का मुख्य उद्देश्य किस आयु वर्ग के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं देखरेख सुनिश्चित करना है?
(A) 0 से 3 वर्ष (B) 3 से 6 वर्ष
(C) 6 से 14 वर्ष (D) 3 से 8 वर्ष

3. **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में देशभर के 75 पुनर्विकसित 'अमृत स्टेशनों' का लोकार्पण किस स्थान से किया?
(A) नई दिल्ली
(B) गोटन (राजस्थान)
(C) जालंधर (पंजाब)
(D) जयपुर (राजस्थान)

4. **साइबर** अपराधों की तुरंत शिकायत दर्ज करवाने के लिए कौन-सा हेल्पलाइन नंबर संचालित किया जा रहा है?
(A) 1090 (B) 1930
(C) 181 (D) 112

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत जालौर जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) लकड़ी के फर्नीचर
(B) मार्बल के उत्पाद
(C) ग्रेनाईट के उत्पाद
(D) टेक्सटाईल के उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस मंदिर को लंदन की संस्था मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'ग्लोबल स्पिरिचुअल हेरिटेज एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?**

(A) सालासर बालाजी मंदिर

(B) मेहंदीपुर बालाजी मंदिर

(C) श्री खाटू श्याम मंदिर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine